दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, गुरूवार 21 फरवरी 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-143

महत्वपूर्ण एवं खास

हमला हुआ तो करारा जवाब देंगे:इमरान

पाक पीएम का भारत को खुली धमकी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के मुद्दे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने पहली बार मुंह खोला है। उन्होंने अपने बयान में भारत को दबी जुबान में युद्ध तक की धमकी भी दे डाली है। उन्होंने कहा कि अगर हम पर हमला किया गया तो पाकिस्तान करारा जवाब देगा। साथ ही, यह भी कहा कि भारत एक बार फिर बिना सबूत हम पर आरोप लगा रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि हिंदुस्तान की सरकार ने बिना किसी सबूत के पाकिस्तान पर इल्जाम लगा दिया। पाकिस्तान ऐसा क्यों करेगा, इससे हमें क्या फायदा। उन्होंने कहा कि अगर भारत की सरकार हमें कोई सबूत देगी तो हम इस मसले पर जांच करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी प्रिंस के दौरे को लेकर हमारा ध्यान था। जब क्राउन प्रिंस वापस गए हैं इसलिए अब मैं जवाब दे रहा हूं।

कई लोगों के अस्पताल में भर्ती होने के बाद मंगोलिया ने केएफसी के रेस्त्रां बंद किये

उलानबटोर (आरएनएस)। मंगोलिया में केएफसी के रेस्त्रां में खाना खाने वाले 200 से अधिक लोगों के अस्पताल में भर्ती होने के बाद अधिकारियों ने देश की राजधानी में केएफसी के सभी रेस्त्रा को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है। पहला मामला इस महीने की शुरुआत में सामने आया था जब कंपनी के रेस्त्रां में मुर्गे का भुना मांस खाने के बाद 16 लोगों में डायरिया, उल्टी और तेज बुखार समेत भोजन विषाक्तता के लक्षण दिखे थे। उलानबटोर के महानगर पेशेवर जांच विभाग ने बताया कि ऐसे 247 मामलों की रिपोर्ट की गयी है और 42 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उच्च न्यायालय ने शहीद शब्द के इस्तेमाल की मांग वाली याचिका खारिज की

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मीडिया को सैनिकों के संदर्भ में मारे गए या मर गए के बजाय शहीद शब्द का इस्तेमाल करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन और न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता व वकील अभिषेक चौधरी को उसी आधार पर पर इस तरह की अर्जी दाखिल करने के लिए फटकार लगाई, जो अक्टूबर 2016 में एक अन्य पीठ द्वारा पहले ही रद्द कर दी गई थी। चौधरी ने प्रेस और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सैनिकों की शहादत पर सम्मानजनक शब्दों का उपयोग करने के लिए निर्देश देने की याचिका दायर की थी।

सीबीआई चीफ नागेश्वर की नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट नहीं देगी दखल

नई दिल्ली (आरएनएस)। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अंतरिम निदेशक के तौर पर एम.नागेश्वर राव की पूर्व में की गई नियुक्ति में दखल देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले में दखल देने से इनकार ऐसे समय में किया है जब सीबीआई निदेशक की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की पीठ ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कोई भी निर्देश देने से भी इनकार कर दिया।

वैदिक शिक्षा के लिए बोर्ड बनाने की रेस में रामदेव, किया आवेदन

नई दिल्ली। योग गुरू रामदेव की संस्था पतंजलि योगपीठ ने वैदिक शिक्षा के लिए देश के पहले राष्ट्रीय विद्यालय बोर्ड की स्थापना में अपनी रुचि जाहिर की है। इसके लिए भारतीय शिक्षा परिषद महर्षि सांदीपनी राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान ने आवेदन मंगाए हैं। रामदेव की संस्था ने बोर्ड के गठन में अपनी इच्छा जाहिर की है। आपको बता दें कि महर्षि सांदीपनी राष्ट्रीय वेदविद्यालय प्रतिष्ठान (एमएसआरवीपी) ने 11 फरवरी को भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना के लिए आवेदन मांगे थे, जिसकी अंतिम तारीख 19 फरवरी थी।

एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून मामले में 26 मार्च को सुनवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) (अत्याचार निवारण) कानून से संबंधित फैसले के विरुद्ध केंद्र की पुनर्विचार याचिका एवं संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 26 मार्च को सुनवाई करेगा। केंद्र सरकार ने जहां एससी/एसटी अत्याचार निवारण कानून के कुछ प्रावधानों को शीर्ष अदालत द्वारा निरस्त किये जाने के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर की है, वहीं कुछ अन्य याचिकाकर्ताओं ने संबंधित कानून को पूर्व की स्थिति में लाने के लिए संसद द्वारा किये गये संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। केंद्र की

पुनर्विचार याचिका और संशोधन के खिलाफ दायर अन्य रिट याचिकाएं न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा की पीठ के समक्ष आज सूचीबद्ध थी।

न्यायालय ने एटर्नी जनरल के. के. वेणुगोपाल और विभिन्न याचिका कर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं इंदिरा जयसिंह और मोहन पारासरन से पूछा कि इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए उन्हें कितना समय चाहिए। सभी अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी बातें रखी, इसके बाद न्यायालय ने 26 मार्च को सुनवाई की तारीख मुकर्रर की और इसके लिए कम से कम तीन दिन का समय निर्धारित किया। एससी/एसटी अत्याचार निवारण कानून के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने के शीर्ष अदालत के फैसले के बाद संसद ने गत वर्ष अगस्त में संशोधन के जरिये संबंधित कानून को पुराने रूप में लाया था।

महिला पत्रकार को धमकी मामले में कानून के मुताबिक कार्रवाई करे पुलिस: महिला आयोग

नयी दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय महिला आयोग ने वरिष्ठ पत्रकार बरखा दत्त को मिली कथित धमकी से जुड़ी खबरों का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को दिल्ली पुलिस से कहा कि वह इस मामले में तेजी से जांच करे और कानून के मुताबिक कार्रवाई करे। महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने दिल्ली के पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक को लिखे पत्र में कहा, ''मीडिया में आई खबरों से महिला आयोग को पता चला है कि पत्रकार बरखा दत्त के पास धमकी भरे फोन आए और सोशल मीडिया में उन्हें प्रताड़ित किया गया क्योंकि उन्होंने इन कश्मीरी निवासियों की मदद पेशकश की जिनको निशाना बनाया जा रहा था।'' उन्होंने कहा, ''यह आग्रह किया जाता है कि मामले में तेजी से जांच की जाए और कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाए।

उच्च शिक्षा से जुड़े विषयों पर 22 फरवरी को चर्चा करेगा एचआरडी मंत्रालय एवं वित्त आयोग

नयी दिल्ली (आरएनएस)। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ वित्त आयोग की बैठक 22 फरवरी को होगी जिसमें उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इससे पहले मानव संसाधन विकास मंत्रालय और वित्त आयोग की एक बैठक पिछले सप्ताह हुई थी और अब 22 फरवरी को दूसरी बैठक होगी। एचआरडी मंत्रालय के साथ वित्त आयोग की यह बैठक ऐसे समय में होने वाली है जब मंत्रालय ने 15वें वित्त आयोग से कई क्षेत्रों में मदद मांगी है। इनमें प्रदर्शन मानक सूचकांक के आधार पर राज्यों को प्रोत्साहन आधारित अनुदान देना एक महत्वपूर्ण विषय है। इसके अलावा मंत्रालय ने केंद्र की ओर से आरटीई नियमों और अन्य जरूरी आवश्कयताओं के लिए 437994.74 करोड़ रुपये तथा 2030 तक सहस्राब्दी विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए भी मदद मांगी गई है। मंत्रालय ने राज्यों की ओर से विकसित संसाधनों का करीब

20 प्रतिशत स्कूली शिक्षा के लिए आरक्षित रखने या राज्यों और संघ शासित प्रदेशों द्वारा आरटीई कानून 2009 लागू करने तथा 13वें वित्त आयोग के अनुरूप अन्य जरूरी आवश्यकताओं के लिए मदद मांगी है। पिछली बैठक में स्कूलों के लिए आधारभूत संरचना, शिक्षकों के वेतन और प्रशिक्षण, स्कूली छात्रों के लिए करियर परामर्श, सिक्किम मॉडल के अनुरूप बच्चों के लिए प्री स्कूल शिक्षा और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर वित्त आयोग की ओर से जरूरी हस्तक्षेपों पर चर्चा की गई थी। इसके अलावा स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अधिक निजी पूंजी आकर्षित करने और निजी भागीदारी के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया था।

त्रिवेणी में 80 लाख ने लगायी आस्था की डुबकी

माघी पूर्णिमा

कुंभनगर (आरएनएस)। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम कुंभ के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी में दोपहर तीन बजे तक 80 लाख श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके थे। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने मंगलवार को बताया कि तीन बजे तक 80

लाख श्रद्धालुओं ने माघी पूर्णिमा का स्नान किया। मौनी अमावस्या की भीड़ के बाद संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भीड़ देख ऐसा महसूस हो रहा था मानो आस्था का समंदर गंगा में समा जाने को आतुर दिख रहा था।

आनंद ने बताया कि सुबह मेला कमजोर था लेकिन चटकीली धूप खिलने से स्नानार्थियों की भीड़ में इजाफा देखने को मिला। देश विदेश के कोने-कोने से संगम में जमा करोड़ों श्रद्धालुओं और संत-महात्माओं ने 40 घाटों पर स्नान कर कुम्भ की गरिमा को बढ़ाया।

गौरतलब है कि यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रुप में मान्यता प्राप्त, भारत की आध्यात्मिक सांस्कृतिक, सामाजिक एवं वैचारिक विविधताओं को एकता के सूत्र में पिरोने वाला यह कुम्भ भारतीय संस्कृति का द्योतक है। इस कुम्भ में पूरे भारत की संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है।

वाड्रा की तबीयत खराब, नहीं पहुंच सके ईडी के दफ्तर

मनी लॉन्ड्रिंग

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के बहनोई राबर्ट वाड्रा मंगलवार को अपनी खराब सेहत के कारण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर में नहीं पेश हो सके. मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी वाड्रा से बीते कुछ दिनों से पूछताछ कर रही है. एक अधिकारी ने बताया कि रॉबर्ट वाड्रा के वकीलों ने मामले के जांच अधिकारी को उनकी तबीयत ठीक नहीं होनें की सूचना दे दी थी. उन्होंने कहा कि

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद और पेशे से व्यापारी वाड्रा शायद बुधवार को या किसी दूसरी तारीख को हाजिर हो सकते हैं. बता दे कि प्रियंका गांधी के पति राबर्ट वाड्रा की विदेश में जमीन खरीदने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप की जांच के संबंध में मंगलवार को कोर्ट में हाजिरी थी. वाड्रा पर आरोप है कि उन्होंने 19 लाख पाउंड की ब्रिटिश संपत्ति खरीदी है. ये संपत्ति लंदन के 12, ब्रायनस्टन स्क्वॉयर इलाके में मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए खरीदी गई है. ईडी ने इस महीने वाड्रा से तीन दिनों में कुल 23 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की है.

सिद्धू जी अपने दोस्त इमरान खान को समझाएं

पुलवामा अटैक पर बोले दिग्विजय

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व क्रिकेटर और पंजाब सरकार के मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू के आतंकी हमले को लेकर दिए गए बयान पर नेताओं की प्रतिक्रियाओं और आलोचनाओं का दौर जारी है. इसी बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नवजोत सिंह सिद्धू को सलाह दे दी है. उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि नवजोत सिंह सिद्धू जी अपने दोस्त को समझाइए, उसकी वजह से आपको गाली पड़ रही है.

दिग्विजय सिंह ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए हैं. इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा है. उन्होंने गंभीरता से आत्मनिरीक्षण करने की भी

सलाह दे डाली है. दिग्विजय ने यह भी लिखा कि हम सभी को दोषी ठहराया जाएगा. क्या हम कुछ समय के लिए अपने राजनीतिक मतभेदों को मिटा सकते हैं और जम्मू और कश्मीर में सांप्रदायिक सद्भाव और कश्मीरी मुस्लिम और कश्मीरी हिंदू भाईचारे को वापस लाने के लिए एक साथ आ सकते हैं.

दिग्विजय ने लिखा कि ऐसा हम कर सकते हैं. उन्होंने सलाह दी कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस, बीजेपी पीडीपी और अन्य राजनीतिक दलों को अगले 10 वर्षों तक रोड मैप तैयार करना चाहिए. इसके बाद दिग्विजय सिंह ने नवजोत सिंह सिद्धू का जिक्र किया.

बता दें कि पुलवामा में हुए आतंकी हमले को लेकर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा था कि इस हमले का दोष पूरे देश पर नहीं मढ़ सकते हैं. उन्होंने अपने बयान में कहा था आप इस हमले का दोष पूरे देश पर नहीं मढ़ सकते हैं. पूरे देश या किसी एक को इसका दोष देना ठीक नहीं है.

महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु में भाजपा का गठबंधन

एआईएडीएमके से मिलकर लड़ेंगे चुनाव

चेन्नई (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगी भाजपा ने गठबंधन की स्पीड तेज कर दी है। सोमवार को जहां महाराष्ट्र में शिवसेना से मनमुटाव दूर करते हुए सीटों का बंटवारा कर दिया गया वहीं आज तमिलनाडु में पीएमके को मनाते हुए भाजपा ने एआईडीएमके के साथ गठबंधन तय कर लिया। भाजपा को लोकसभा की 5 सीटें दी गई हैं। चेन्नई में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वो ओपीएस और ईपीएस के नेतृत्व में तमिलनाडु में चुनाव लडने में कोई एतराज नहीं है वहीं केंद्र में पार्टी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ेगी। अपनी मांगों पर गठबंधन से छिटकती दिख रही पट्टली मक्कल काची(पीएमके) को बड़ा फायदा हुआ है, उसे कुल 39 सीटों में से 7 सीटें दी गई है। विधानसभा उपचुनाव में 21 सीटों पर सपोर्ट के बदले में पीएमके को लोकसभा की 7 सीटें मिली है।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी अन्नाद्रमुक ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को पट्टली मक्कल काची (पीएमके) के साथ सीटों के बंटवारे के लिए समझौता किया। पीएमके ने वर्ष 2009 के बाद अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन किया है। अन्नाद्रमुक के सह-समन्वयक एवं मुख्यमंत्री ई के पलानीस्वामी, समन्वयक और उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम, पीएमके के संस्थापक डॉ रामदास, उनके पुत्र एवं सांसद डॉ अंबुमणि और पीएमके अध्यक्ष जी के मणि के बीच शहर के एक बड़े होटल में सीटों के बंटवारे के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ।

लोकसभा चुनावों से पहले बड़ी संख्या में आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के तबादले

पटना (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। बिहार सरकार ने सोमवार की रात भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 30 और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 19 अधिकारियों के तबादलों की अधिसूचना जारी की है। इसके अलावा बड़ी संख्या में बिहार प्रशासनिक सेवा और बिहार पुलिस सेवा के अधिकारियों का भी स्थानांतरण किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, बिहार मानवाधिकार आयोग की सचिव वंदना किनी को भागलपुर के आयुक्त की जिम्मदारी सौंपी गई है जबकि सफीना ए.एन. को कोसी क्षेत्र प्रक्षेत्र से हटाकर पूर्णिया का आयुक्त बनाया गया है।

इसी तरह नर्मदेश्वर लाल अब तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त होंगे, जबकि राजेश कुमार को भागलपुर आयुक्त से स्थानांतरित करते हुए मानवाधिकार आयोग का सचिव बनाया गया है।

रेशम क्षेत्र के विकास हेतु चार परियोजनाएं शुरु

नई दिल्ली। केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन इरानी ने रेशम क्षेत्र के विकास के लिए आज नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पूर्वोत्तर में चार परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

जैश-ए-मोहम्मद की भाषा बोल रहे हैं इमरान: सुरजेवाला

नई दिल्ली (आरएनएस)। पुलवामा आतंकी हमले पर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के बयान को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि इमरान आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की भाषा बोल रहे हैं।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा कि खेदपूर्ण व शर्मनाक-पाक प्रधानमंत्री इमरान खान आज भी जैश ए मोहम्मद की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, भूलिए मत की इंदिरा गांधी व सेना ने 1971 में पाक के दो टुकड़े कर बांग्लादेश को आजादी दिलायी थी तथा पाक के 91000 सैनिकों ने ढाका में भारतीय सेना को आत्मसमर्पण किया था। दरअसल, इमरान खान ने पुलवामा आतंकवादी हमले में कार्रवाई योग्य जानकारी साझा करने पर साजिशकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का मंगलवार को भारत को आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि उनके देश के खिलाफ कोई भी कार्रवाई किए जाने पर उसका जवाब दिया जाएगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा 14 फरवरी को किए गए आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए।

कुंभ मेले के सेक्टर पांच में लगी आग, पांच टेंट जलकर राख

प्रयागराज (आरएनएस)। कुंभ के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के दौरान मंगलवार को सेक्टर पांच स्थित एक शिविर में आग लगने से पांच टेंट जलकर राख हो गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ मेला) प्रमोद शर्मा ने बताया कि दोपहर को अखिल भारतीय देशबंधु कल्पवासी शिविर में प्रसाद तैयार करते समय एक टेंट में आग लग गयी। आग ने अन्य चार शिविरों को भी अपनी चपेट मे ले लिया।

शर्मा ने कहा कि धुआं उठता देखकर अग्निशमन कर्मचारी तत्काल दमकल की गाड़ी लेकर वहां पहुंचे। जिसकी मदद से 10 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया गया लेकिन उस वक्त तक पांच टेंट जलकर राख हो चुके थे। शिविर में 45-50 टेंट में कल्पवासी रह रहे थे। इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।उन्होंने बताया कि आज अंतिम स्नान पर्व होने के कारण कल्पवासी सामूहिक तौर पर गैस पर प्रसाद बना रहे थे। जो टेंट जले वे मध्य प्रदेश से आये कल्पवासियों के थे। आग लगने से उनके रजाई-गद्दे और अन्य सामान भी जल गये। गौरतलब है कि पौष पूर्णिमा से शुरू हुआ एक महीने का कल्पवास मंगलवार को माघी पूर्णिमा स्नान के साथ समाप्त हो गया।

परमाणु समझौते को बचाने के प्रयास के बीच चीन, ईरान की बैठक

बीजिंग (आरएनएस)। चीन और ईरान के विदेश मंत्रियों ने तेहरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते को बचाने के लिए मंगलवार को बैठक की। चीन के विदेश मंत्री वांग यी और ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ के बीच की वार्ता का ब्यौरा अभी पता नहीं है। ईरान के विदेश मंत्री के नेतृत्व में आए शिष्टमंडल में संसद के अध्यक्ष अली लारिजानी और वित्त एवं पेट्रोलियम मंत्री के साथ ही देश के केंद्रीय बैंक के सीईओ भी हैं। जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, रूस और यूरोपीय संघ 2015 के समझौते को बचाने के प्रयास कर रहे हैं। जबकि, अमेरिका ने पिछले साल इस समझौते से बाहर निकलने की घोषणा की थी। जरीफ ने रविवार को म्यूनिख सुरक्षा कॉन्फ्रेंस को बताया था कि ईरान के साथ सीधे वित्तीय लेनदेन से बच कर कारोबार के लिए फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन द्वारा पिछले महीने इन्सटेक्स नामक बार्टर जैसी व्यवस्था की शुरूआत की गयी। इसका मकसद परमाणु समझौते को कायम रखते हुए अमेरिकी प्रतिबंध से भी बचना है।